ओम् शान्ति 16-06-21 मधुबन

# विशेष खुशखबरी – शान्तिवन में योग तपस्या के कार्यक्रम

**(02 अगस्त से 26 सितम्बर 2021 तक)**

प्राणप्यारे अव्यक्तमूर्त मात-पिता बापदादा के अति स्नेही, सदा अपने धारणा स्वरूप द्वारा योगी जीवन का प्रभाव डालने वाली, मास्टर पतित-पावनी निमित्त टीचर्स बहिनें तथा सर्व तपस्वीमूर्त ब्राह्मण कुल भूषण भाई बहिनें,

ईश्वरीय स्नेह सम्पन्न मधुर याद स्वीकार करना जी।

बाद समाचार - प्यारे बापदादा की दिव्य पालना और सूक्ष्म सकाश द्वारा हर एक स्वयं को शक्तिशाली बनाए, ड्रामा की यथार्थ नॉलेज द्वारा सदा निर्विकल्प और निश्चिंत स्थिति में रह, अपनी शुभ भावना और शुभ कामना के संकल्पों द्वारा मन्सा सेवा करते हुए बाप समान सम्पन्न और सम्पूर्ण बनने का पुरुषार्थ कर रहे होंगे।

आप सबको यह खुशखबरी सुनाते हुए हर्ष हो रहा है कि अभी अपना भारत लगभग कोरोना मुक्त होता जा रहा है। उम्मींद है कि अभी शीघ्र ही बाबा के बच्चों को अपने मधुबन घर में आने का गोल्डन चांस मिल सकेगा। यहाँ मधुबन के (तीनों स्थानों के) लगभग सभी भाई बहिनों ने वैक्सीन का डोज़ भी ले लिया है। आप सभी से विशेष अनुरोध है कि आप भी वैक्सीन अवश्य लगवा लें। इसी सर्टीफिकेट से आपको कहीं भी आने जाने में सुविधा रहेगी और आप स्वयं भी सुरक्षित रहेंगे। मधुबन आने के समय सरकार की जो भी गाइडलाइन होंगी उनका पालन अवश्य करें।

अभी तक 31 जुलाई 2021 तक, मधुबन के तीनों स्थानों के सभी कार्यक्रम स्थगित रखे गये हैं। लेकिन वर्तमान वायुमण्डल अनुसार धीरे-धीरे राजस्थान में सब जगह अनलॉक होना शुरू हुआ है। अतः 2 अगस्त 2021 से योग तपस्या के कार्यक्रम रखने पर विचार चल रहा है। बाबा के बच्चों के दिल में मधुबन बेहद घर में आने की सदा ही आकर्षण होती है, इसलिए पहले 2 अगस्त से शान्तिवन में निमित्त समर्पित बहनों की योग तपस्या भट्ठी के कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं। उम्मींद है तब तक रेलवे द्वारा भी कई स्थानों से ट्रेन का आवागमन शुरू हो जायेगा।

आप अपनी सुविधानुसार, सुरक्षा नियमों को ध्यान पर रखते हुए आने जाने का कार्यक्रम बनाना जी। हर एक अपनी निर्धारित तिथि अनुसार आयेंगे, तो सभी कार्यक्रम सुचारू रूप से चल सकेंगे। अच्छा - सभी को याद... ।

ईश्वरीय सेवा में,

B. K. Ratan Mohini

**(बी.के.रतनमोहिनी)**

# शान्तिवन में समर्पित टीचर्स तथा समर्पित भाईयों के लिए योग तपस्या का कार्यक्रम - 2021

**02 से 06 अगस्त, 2021** : **11 से 15 वर्ष की तक सेन्टर पर समर्पित टीचर्स बहनों की योग तपस्या**
पहला ग्रुप (02 अगस्त आना, 03-04-05 योग तपस्या, 06 अगस्त जाना)

**09 से 13 अगस्त, 2021** : **06 से 10 वर्ष तक सेन्टर पर समर्पित टीचर्स बहनों की योग तपस्या**
दूसरा ग्रुप (09 अगस्त आना, 10-11-12 योग तपस्या, 13 अगस्त जाना)

**16 से 20 अगस्त, 2021** : **सेन्टर पर समर्पित भाईयों की भट्ठी**
तीसरा ग्रुप (16 अगस्त आना, 17-18-19 योग तपस्या, 20 अगस्त जाना)

**22 अगस्त, 2021: रक्षाबन्धन**

**24 से 28 अगस्त, 2021** : **01 से 05 वर्ष तक सेन्टर पर समर्पित टीचर्स बहनों की योग तपस्या एवं आमंत्रित भाईयों की भट्ठी**
चौथा ग्रुप (24 अगस्त आना, 25-26-27 योग तपस्या, 28 अगस्त जाना)

**25 अगस्त, 2021 : दादी प्रकाशमणि जी का स्मृति दिवस**
**30 अगस्त, 2021: जन्माष्टमी**

**01 से 05 सितम्बर, 2021** : **16 से 20 वर्ष तक सेन्टर पर समर्पित टीचर्स बहनों की योग तपस्या**
पांचवां ग्रुप (01 सितम्बर आना, 02-03-04 योग तपस्या, 05 सितम्बर जाना)

**10 सितम्बर, 2021 : गणेश चतुर्थी**

**08 से 12 सितम्बर, 2021** : **21 से 30 वर्ष तक सेन्टर पर समर्पित टीचर्स बहनों की योग तपस्या**
छठा ग्रुप (08 सितम्बर आना, 09-10-11 योग तपस्या, 12 सितम्बर जाना)

**15 से 19 सितम्बर, 2021** : **31 वर्ष से ऊपर की समर्पित टीचर्स बहनों की योग तपस्या**
सातवां ग्रुप (15 सितम्बर आना, 16-17-18 योग तपस्या, 19 सितम्बर जाना)

**22 से 26 सितम्बर, 2021** : **त्रिमासिक मीटिंग की टीचर्स बहनों का स्नेह मिलन**
आठवां ग्रुप (22 सितम्बर आना, 23-24 मीटिंग, 25 भट्ठी, 26 सितम्बर जाना)

**विशेष नोट:-**

1) आमन्त्रित भाईयों तथा त्रिमासिक मीटिंग की टीचर्स बहनों की भट्ठी के निमन्त्रण पत्र अलग से नाम सहित भेजे जायेंगे।
2) अगस्त-सितम्बर मास में बरसात की सीजन होती है इसलिए सभी टीचर्स बहिनें अपने साथ रेनकोट, छाता एवं बरसाती चप्पल आदि अवश्य लेकर आयें। हर एक अपनी तबियत अनुसार शॉल, स्वेटर आदि भी अपने साथ अवश्य रखें। सभी को मास्क लगाना वा सोशल डिस्टेंश का पालन करना अनिवार्य रहेगा।
3) तपस्या भट्ठी में आने वालों को आवास-निवास के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना है।